राजकीय महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने परेड में हासिल किया प्रथम स्थान:

15 हरियाणा बटालियन के नेतृत्व में राजकीय महाविद्यालय जींद से एनसीसी की दो टुकड़ियों ने पुलिस लाइन ग्राउंड में आयोजित 75वे स्वतंत्रता दिवस समारोह की परेड प्रतिस्पर्धा में भाग लिया। प्रत्येक टुकड़ी में 22-22 कैडेट्स ने भाग लिया। महिला वर्ग की टुकड़ी का नेतृत्व सीनियर अंडर ऑफिसर किरण एवं पुरूष विंग की टुकड़ी का नेतृत्व सीनियर अंडर ऑफिसर सचिन ने किया। सभी कैडेट्स ने पूरे जोश के साथ कदम से कदम मिलाकर परेड करते हुए राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। मुख्य अतिथि जिला उपायुक्त श्री नरेश कुमार के द्वारा महाविद्यालय की महिला वर्ग की टुकड़ी को प्रथम एवं पुरूष वर्ग की टुकड़ी को तृतीय स्थान देकर सम्मानित किया गया। दूसरा स्थान हरियाणा पुलिस की महिला वर्ग की टुकड़ी ने हासिल किया । राजकीय महाविद्यालय की प्राचार्या श्रीमती शीला दहिया, कमांडिंग ऑफिसर कर्नल जयंतो घोष, एवं एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट पंकज बत्रा और पूनम के द्वारा इस प्रसंशनीय उपलब्धि के लिये हार्दिक शुभकामनाएं भेंट की गयी।

12:15

स्वतंत्रता दिवस समारोह
मुख्य अतिथि
श्री नरेश
M.P

NCC